अमर उजाला

बरेली
मंगलवार, 23 जुलाई 2019

PAGE NO. 11, MIDDLE RIGHT

गुडलाइफ हॉस्पिटल ने लगाया हेल्थ चेकअप कैंप

बरेली। एसआरएमएस गुडलाइफ हॉस्पिटल ने स्थापना के एक वर्ष पूरा होने पर दो दिवसीय स्वास्थ्य चिकित्सा शिविर लगाया। इस मौके पर स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता के लिए प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में लोगों ने फ्री हेल्थ चेकअप के लिए अपने कूपन गुडलाइफ हॉस्पिटल में जमा कराए। कैंप में 500 से अधिक मरीजों ने विशेषज्ञों से परामर्श लिया। इसके अलावा सभी सुविधाओं पर 50 प्रतिशत की छूट दी गई। फ्री हेल्थ चेकअप प्रतियोगिता के 10 लकी ड्रॉ कूपन सोमवार को आदित्य मूर्ति और रिचा मूर्ति द्वारा निकाले गए। ये लकी प्रतिभागी अपना फ्री हेल्थ चेकअप गुडलाइफ में करा सकेंगे, जिसका रेट 8 हजार रुपये है।